कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001

प्रेस नोट

प्रेस नोट–2026/70 दिनांक– 13 नवंबर 2026

उत्तराखण्ड में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की शुरुआत, ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित

– 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय

– 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तराखण्ड राज्य में 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान संपादित किया जा रहा है। राज्य में 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में उत्तराखण्ड में कुल 7278035 मतदाता शामिल किए गए हैं। जिसमें 3484447 महिला, 3793373 पुरुष मतदाता एवं 215 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अतरिक्त प्रदेश में सर्विस मतदाताओं की संख्या 86028 है। जिसमें 83352 पुरुष एवं 2676 महिला शामिल हैं। वर्तमान में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के बाद प्रदेश में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 12498 हो गई है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में 4 से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान संपादित किया गया। इस अभियान में 125216 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए जबकि 6130 मतदाताओं के फार्म 7 प्राप्त होने पर विधिवत निस्तारित किए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.voter.eci.gov.in एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वेबसाईट www.ceo.uk.gov.in पर ऑनलाइन विजिट कर देखा जा सकता है। इसके साथ ही डीईओ/ईआरओ कार्यालय एव बीएलओ के माध्यम से भी सूची को देखा जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रति मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को साफ्ट कॉपी उपलब्ध करायी गई है। जनपद स्तर पर मतदाता सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद ऐसे व्यक्ति जो 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं या किन्ही कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं वे 11 दिसंबर 2026 तक फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन मोड में आवेदन कर सकते इसके साथ ही ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म 6 भरकर आवेदन किया जा सकता है।

उत्तराखण्ड राज्य में हाल में ही संम्पादित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत 03 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था जिसमें 7158949 मतदाताओं में (3421036 महिला, 3737701 पुरुष, 212 थर्ड जेंडर मतदाता) शामिल थे।

आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के कार्यक्रमानुसार 12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 28 दिसंबर 2026 तक दावे–आपत्तियों की सुनवाई भी की जाएगी। 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।

Sl. No.	District Name	General Electors				Service Electors			
		Male	Female	TG	Total	Male	Female	TG	Total
1	Uttarkashi	118305	108793	2	227100	3218	65	0	3283
2	Chamoli	143551	136164	2	279717	9563	173	0	9736
3	Rudraprayag	92652	90944	0	183596	4924	51	0	4975
4	Tehri Garhwal	244672	225317	4	469993	5185	85	0	5270
5	Dehradun	632396	596300	50	1228746	8776	487	0	9263
6	Haridwar	674427	590093	103	1264623	1997	128	0	2125
6	Pauri Garhwal	268491	247526	10	516027	14333	254	0	14587
8	Pithoragarh	178795	171084	2	349881	12603	410	0	13013
9	Bageshwar	106860	101005	1	207866	3881	102	0	3983
10	Almora	250950	229922	4	480876	6115	202	0	6317
11	Champawat	101948	91390	1	193339	2814	120	0	2934
12	Nainital	370089	342802	13	712904	4753	258	0	5011
13	U.S.Nagar	610237	553107	23	1163367	5190	341	0	5531
Total		**37,93,373**	**34,84,447**	**215**	**72,78,035**	**83,352**	**2,676**	**0**	**86,028**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों से बैठक

देहरादून। उत्तराखण्ड में 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दलों को ड्राफ्ट मतदाता सूची की साफ्ट कॉपी सौंपी गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2027 में सभी राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी,सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास सहित भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस,बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

*****